उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

**(लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को परीक्षा के जनपद के आवंटन की अग्रिम सूचना)**

(ADVANCE INFORMATION FOR ALLOTMENT OF EXAMINATION CITY)

(District/City Information Slip)

संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग)–07 / 2025    दिनांकःजून 01 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की सूचना / विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग)–07 / 2025 दिनांक 31–12–2025 के अनुक्रम में लिखित परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर **दिनांक 08–06–2026, 09–06–2026 एवं 10–06–2026 को (पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक एवं अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक)** प्रति दिवस दो पालियों में किया जायेगा।

2– सभी अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा जनपद / नगर की सूचना का लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर दिनांक **01–06–2026** को प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करके अपनी लिखित परीक्षा के परीक्षा **जनपद / नगर सूचना पर्ची (DISTRICT/CITY INFORMATION SLIP)** को डाउनलोड करके चेक कर लें। अभ्यर्थी इसमें दिए गये निर्देशों के साथ–साथ इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 31–12–2025 को भी पढ़े।

3– अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा के लिए **प्रवेश पत्र नहीं है।** अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए, यह उस जनपद के आंवटन के लिए एक अग्रिम सूचना है, जहाँ परीक्षा केन्द्र स्थित होगा।

4– उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा का **प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) अभ्यर्थी की परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि के 03 दिवस पूर्व (दिनांक 08–06–2026 की लिखित परीक्षा हेतु दिनांक 05–06–2026 को, दिनांक 09–06–2026 की लिखित परीक्षा हेतु दिनांक 06–06–2026 को तथा दिनांक 10–06–2026 की लिखित परीक्षा हेतु दिनांक 07–06–2026 को)** बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर निर्गत किया

जाएगा। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर अपनी पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक तत्समय बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

5— अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की e-kyc होनी है इस हेतु अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि अपना आधार Unlock रखें, जिससे e-kyc सम्पन्न हो सके।

6— यदि किसी उम्मीदवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती—2025 के लिए परीक्षा **जनपद/नगर सूचना पर्ची** को डाउनलोड करने/जांचने में कठिनाई होती है, तो वह **हेल्पलाइन नम्बर—08064526226** व ईमेल **आईडी—helpdeskupcons2025@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकता है।

7— यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

**(सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज)**
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।